<u>**जसवंत मॉडर्न सी. से. स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश गृह कार्य (2025-26) कक्षा 7 ब विषय हिंदी**</u>

**प्रश्न-1: पाठ्य पुस्तक को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें**

(क) हर तरह की सुख सुविधा पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?
(ख) पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएं पूरी करना चाहते हैं?
(ग) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?
(घ) पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियां को क्यों अच्छी लगी?
(ङ) मिठाई वाले में कौन से गुण थे?
(च) मिठाई वाला अलग-अलग चीजें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?
(छ) नदियों को माँ मानने की परंपरा हमारे यहां काफी पुरानी है। लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हें और किन रूपों में देखते हैं?
(ज) सिंधु और ब्रहमपुत्र की क्या विशेषताएं बताई गई है?

**प्रश्न-2: बाल महाभारत कथा**

(क) महाभारत की कथा किसकी देन है?
(ख) पांडु की कितनी रानियां थी?
(ग) केवट राज की शर्त को पूरा करने के लिए देवव्रत ने क्या किया?
(घ) विदुर किसके पुत्र थे?
(ङ) कौरवों के पिता का क्या नाम था?
(च) पांडव किसके पुत्र थे?
(छ) देवव्रत का नाम भीष्म क्यों पड़ा?
(ज) किसने भीम के रथ को रोकने का प्रयास किया?
(झ) अम्बिका और अम्बालिका का विवाह किसके साथ हुआ?

**प्रश्न-3:** दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं

(क) उन्मुक्त (ख) कनक (ग) अरमान (घ) पाँव (ङ) पुलकित (च) हिलोर (छ) स्मरण
(ज) क्षीण (झ) नादान (ञ) गंभीर

**प्रश्न-4:** दिए गए भाषाओं की लिपियाँ लिखिए

**(क)** हिंदी (ख) संस्कृत (ग) उर्दू (घ) अंग्रेजी (ङ) फारसी

**प्रश्न-5:** दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए

(क) मीठाई (ख) गूलाब (ग) क्योंकी (घ) त्यौहार (ङ) परिक्षा

**प्रश्न-6:** दिए गए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए

(क) तारीख (ख) तूफ़ान (ग) कमलनयन (घ) माता (ङ) महाराज

**प्रश्न-7:** दिए गए विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए

(क) इन्टरनेट का महत्त्व (ख) अनुशासन का जीवन में महत्त्व

**प्रश्न-8:** दिये गये विषय पर एक औपचारिक एवं अनौपचारिक पत्र लिखें।

(क) औपचारिक पत्र- विद्यालय में प्रवेश पाने हेतु आवेदन पत्र लिखें।

(ख) अनौपचारिक पत्र- मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें।

**प्रश्न-9: परियोजना कार्य**

(क) किसी सभ्यता/ समाज के विकास में नदियों की भूमिका एवं गंगा नदी की वर्तमान स्थिति के बारे में परियोजना बनाएं।

(ख) अपने आस पास के किसी रेहड़ी वाले या दुकानदार के बारे में अपने अनुभव लिखें तथा यह भी बताएं कि मॉल संस्कृति आने की बाद छोटे दुकानदारों पर उसका क्या प्रभाव पड़ा है? परियोजना द्वारा विस्तार में स्पष्ट करें।

**प्रश्न-10:** वसंत और महाभारत में पढाये गये पाठों के प्रश्न उत्तर याद करें। व्याकरण में कराये गये समस्त कार्य का अभ्यास करें।

**<u>निर्देश:</u>** प्रतिदिन एक पृष्ठ सुलेख लिखकर लेख सुधारें।